भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *122
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

डिजिटल इंडिया पहल

***122. श्री विजय बघेल:**
श्री नव चरण माझी:

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) टियर-2 और टियर-3 शहरों में डिजिटल इंडिया पहल का ब्यौरा क्या है;

(ख) गांवों में इंटरनेट कनेक्शन की पहुंच की स्थिति क्या है; और

(ग) वर्ष 2014 से इंटरनेट प्रयोक्ताओं की संख्या में वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"डिजिटल इंडिया पहल" के संबंध में 31 जुलाई, 2024 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न संख्या *122 के भाग (क) से (ग) के संबंध में लोक सभा के पटल पर रखा जाने वाला विवरण

(क) डिजिटल इंडिया पहल के तहत विभिन्न प्रौद्योगिकी आधारित स्टार्टअपों और नवाचार स्कीमों जैसे टेक्नोलॉजी इनक्यूबेशन एंड डेवलपमेंट ऑफ एंटरप्रेन्योर्स (टीआईडीई 2.0), जेन-नेक्स्ट सपोर्ट फॉर इनोवेटिव स्टार्टअप्स (जीईएनईएसआईएस), डोमेन विशिष्ट उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) और नेक्स्ट जेनरेशन इनक्यूबेशन स्कीम (एनजीआईएस) को टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देश में लगभग 800 करोड़ रुपये के कुल वित्तपोषण परिव्यय के साथ शुरू किया गया है। इसके अलावा सरकार ने देश के 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में फैले 104 छोटे शहरों/कस्बों में बीपीओ प्रचालन की 246 इकाइयों की स्थापना करके भारत बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) संवर्धन स्कीम (आईबीपीएस) और पूर्वोत्तर बीपीओ संवर्धन स्कीम (एनईबीपीएस) शुरू की थी।

(ख) मार्च 2024 तक भारत में कुल 954.40 मिलियन इंटरनेट उपभोक्ताओं में से 398.35 मिलियन ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ता हैं। इसके अलावा अप्रैल 2024 तक देश में 6,44,131 गांवों (गांवों का डेटा भारत के महापंजीयक के अनुसार) में से 6,12,952 गांवों में 3जी/4जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है। इस प्रकार 95.15% गांवों में इंटरनेट की पहुंच उपलब्ध है।

(ग) देश में 14.26% की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर (सीएजीआर) से कुल इंटरनेट उपभोक्तओं की संख्या मार्च 2014 में 251.59 मिलियन से बढ़कर मार्च 2024 में 954.40 मिलियन हो गई है।

*****